प्राचार्य कार्यालय,

भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान, पावापुरी, नालन्दा- 803115

E-mail: principal.vims.pawapuri@gmail.com Website- www.vimspawapuri.org

पत्रांक – 693 पावापुरी, दिनांक 04/06/2026

कोटेशन आमंत्रण सूचना

दिनांक 24.03.2026 को आहूत क्रय समिति की बैठक में लिये गये निर्णय के आलोक में प्रशासनिक भवन के विभिन्न स्थलों, अतिथि गृह, विभिन्न छात्रावास एवम् प्राचार्य आवास में अधिष्ठापित निम्नलिखित Water Purifier/Water Cooler/R.O.Water Purifier का एक वर्षीय **C.M.C. (Comprehensive Maintainance Contract)** किया जाना है –

S.N.	Type of Machine	Quantity
1	Domestic water purifier (10 -12 Ltr)	12
2	Commercial R.O. water purifier (80 LPH)	19
3	Water cooler (80 Ltr)	21

<u>कार्य</u>–प्रति दो माह पर एवं आवश्यकतानुसार सभी Water Purifier/Water cooler/R.O. Water Purifier की रूटीन जाँच आपके द्वारा अनिवार्य रूप से की जायेगी। जाँचोपरान्त यदि किसी मशीन में कोई तकनीकी खराबी आती है तब उसकी मरम्मति सामग्री सहित आपके द्वारा की जायेगी। इसके अतिरिक्त समय–समय पर बदले जाने वाले सामग्री यथा – फिल्टर, मेम्ब्रेन आदि को भी समय–समय पर/आवश्यकतानुसार आपके द्वारा बदले जायेंगे। प्रति दो माह पर सभी मशीन के कार्यरत रहने तथा पानी की गुणवत्ता **(TDS)** का प्रमाण पत्र **(Water cooler** को छोड़कर) प्रभारी **M.E.P** से सत्यापित कराकर अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में जमा करना होगा।

उक्त कार्य हेतु निबंधित विक्रेताओं/फर्मों आदि से जो आयकर एवम् GST में निबंधित हों तथा Black listed नहीं हों, से कोटेशन आमंत्रित किया जाता है। कोटेशन में सभी प्रकार की मशीन के **Maintainance** का दर सभी सामग्री सहित अलग–अलग अंकित करना होगा। समेकित रूप से न्यूनतम दर वाले **(L_1)** फर्म को कार्यादेश दिया जायेगा। आवश्यकतानुसार मशीन की संख्या में परिवर्तन अपेक्षित है। कुल विपत्र के **50 %** राशि का भुगतान कार्य प्रारम्भ करने के छः माह पश्चात् जबकि शेष **50 %** राशि का भुगतान कार्य समाप्ति के उपरान्त किया जायेगा। कार्य संतोषजनक रहने की स्थिति में कार्यावधि में विस्तार किया जा सकता है जबकि कार्य असंतोषजनक रहने पर एक माह का अग्रिम नोटिस देकर कार्य समाप्त किया जा सकता है।

कोटेशन संस्थान के पते पर रजिस्टर्ड डाक/स्पीड पोस्ट/बंद लिफाफे में हाथों हाथ द्वारा उपलब्ध कराया जा सकता है। कोटेशन दिनांक **13/06/2026** को अपराह्न **05:00** बजे तक अवश्य प्राप्त हो जाने चाहिए। उक्त तिथि एवं समय के बाद प्राप्त कोटेशन अमान्य होंगे।

कोटेशन निरस्त करने/तिथि विस्तारित करने एवं अन्य किसी निर्णय लिये जाने का अधिकार क्रय समिति/अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित रहेगा। इस संबंध में कोई पत्राचार नहीं किया जायेगा।

4/6/26

प्राचार्य
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान,
पावापुरी, नालन्दा।

ज्ञापांक – 693 पावापुरी, दिनांक 04/06/2026

प्रतिलिपि – श्रीमती सोनम रानी/श्री संजीव कुमार रंजन, भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान पावापुरी, नालन्दा को आदेशित है कि आज ही इस कोटेशन आमंत्रण सूचना को संस्थान के वेबसाइट एवम् सूचना पट्ट पर प्रदर्शित करना सुनिश्चित करें।

4/6/26

प्राचार्य
भगवान महावीर आयुर्विज्ञान संस्थान,
पावापुरी, नालन्दा।